भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 554

(जिसका उत्तर सोमवार, 24 जुलाई, 2023/02 श्रावण, 1945 (शक) को दिया जाना है)

नई मुद्रा का मुद्रण और चलन

554. श्री सी.एन.अन्नादुरई:

श्री अरविंद गणपत सावंत:

श्री मनीष तिवारी:

श्रीमती साजदा अहमद:

श्री धनुष एम. कुमार:

श्री ओम प्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिम्बालकर:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नए डिजाइन और मूल्यवर्ग वाले नए मुद्रा नोटों के मुद्रण और चलन के लिए क्या मानदंड अपनाए जाते हैं;

(ख) क्या उच्च मूल्यवर्ग के मुद्रा नोटों में माइक्रोचिप्स जोड़ने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2016-17 के दौरान 500 रुपये मूल्यवर्ग के कितने करेंसी नोटों का मुद्रण किया गया था और उनकी कुल लागत कितनी थी;

(घ) क्या बेंगलुरु, नासिक और देवास स्थित तीन सरकारी टकसालों ने 500 रुपये मूल्यवर्ग के 8810.65 मिलियन नोट का मुद्रण किया था लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक को केवल 7260 मिलियन नोट प्राप्त हुए और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस विसंगति के क्या कारण हैं तथा ऐसे नोटों की लागत कितनी है जो आरबीआई में जमा नहीं किए थे;

(ङ) क्या सरकार ने इस मामले की जांच की है और यदि हां, तो जांच के क्या परिणाम रहे;

(च) क्या सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अन्य संबंधित प्राधिकरणों के साथ मिलकर इतने अधिक मूल्य के मुद्रा नोटों के गायब होने से उत्पन्न संभावित सुरक्षा जोखिमों का आकलन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) सरकार द्वारा ऐसी गलती की आवृत्ति रोकने के लिए कौन से निवारक कदम उठाए गए /उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 25 के अनुसार, बैंक नोटों का डिजाइन, आकार और सामग्री ऐसी होगी जैसाकि भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड द्वारा की गई सिफारिशों पर विचार करने के बाद केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित की जाए। बैंक नोटों का डिजाइन और नई सुरक्षा विशेषताएं मुख्य रूप से जालसाजी को मुश्किल बनाने और जालसाजी से संबंधित इरादों को धूल चटाने के लिए पेश की जाती हैं। तदनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक भारत सरकार के परामर्श से समय-समय पर भारतीय बैंकनोटों के डिजाइन और सुरक्षा विशेषताओं की समीक्षा करता है और नए डिजाइन और सुरक्षा विशेषताओं के साथ बैंकनोट जारी करता है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) और (घ) भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वर्ष 2016-17 में एसपीएमसीआईएल और बीआरबीएनएमपीएल के मुद्रणालयों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को उपलब्ध करवाए गए 500 रुपये मूल्यवर्ग (पुराने और नए एमजी श्रृंखला) के बैंक नोटों की कुल संख्या 9273 मिलियन है। भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 17.06.2023 की प्रेस विज्ञप्ति (https://www.rbi.org.in/Scripts/ BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=55878) के माध्यम से सूचित किया है कि मुद्रणालयों से भारतीय रिजर्व बैंक को उपलब्ध करवाए गए सभी बैंकनोटों का समुचित हिसाब रखा जाता है। इसके अतिरिक्त, मुद्रणालयों में मुद्रित और भारतीय रिजर्व बैंक को आपूर्ति किए गए बैंकनोटों के मिलान के लिए सुदृढ़ प्रणालियां विद्यमान हैं जिनमें बैंकनोटों के उत्पादन, भंडारण और वितरण की निगरानी करने से संबंधित प्रोटोकॉल शामिल हैं।

(ङ) से (छ) उपर्युक्त (ग) और (घ) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****